| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br>**विनोद**<br>**बनाम**<br>**लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार भोपालगढ़)**<br>सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353623816833502 | न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 02/06/26 | अपीलार्थी विनोद निवासी ग्राम सुरपुरा खुर्द तहसील भोपालगढ़, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ़) द्वारा सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.05.2026 राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार ग्राम सुरपुरा खुर्द के खसरा नम्बर 791 और ग्राम हिंगोली के खसरा नंबर 367 के संपूर्ण क्षेत्र का सीमाकंन अंतिम बार किस तिथि को किया गया, उसकी मौका रिपोर्ट एवं अन्य 29 बिन्दुओं की सूचना की प्रमाणित प्रति व अन्य 29 बिन्दूओं की सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br>अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ़) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।<br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ़) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई।<br>अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार भोपालगढ़) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।<br><br>(आलोक रंजन)<br>जिला कलक्टर, जोधपुर | |

RajKaj Ref No.:
22594198
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector and District Magistrate
Date: 2026.06.02 11:37:01 IST
Reason: Approved